RPSC स्कूल व्याख्याता (माध्यमिक शिक्षा) पेपर II वाणिज्य 2022

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

निम्न कथन में से सही कथन बताइए -
कथन-I मानव संसाधन विकास, मानवीय संसाधन प्रबंध का अंग है।
कथन-II मानवीय संसाधन प्रबंध, मानव संसाधन विकास का अंग है।

(A) कथन I सही है ✓
(B) कथन II सही है
(C) कथन I गलत है
(D) दोनों कथन सही हैं

Q.2

शैक्षिक मनोविज्ञान निश्चित रूप से मनोविज्ञान की वह शाखा है, जो ..... के कारणों में प्रमुखता से सहायता करती हैं।

(A) शिक्षण और प्रेरणा
(B) व्यक्तित्व और सीखना
(C) शिक्षण और अधिगम ✓
(D) प्रेरणा और व्यक्तित्व

Q.3

निर्यातकों को प्रोत्साहन देने के लिये कौन सा विशेष क्षेत्र बनाया गया है?

(A) विशेष संरक्षण क्षेत्र
(B) विशेष आरक्षित क्षेत्र
(C) विशेष प्रतिबंधित क्षेत्र
(D) विशेष आर्थिक क्षेत्र ✓

Q.4

उद्यमी शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किस व्यक्ति ने किया था?

(A) जे.एस. मिल
(B) रिचर्ड कैटिलन ✓
(C) एफ.एच. नाइट
(D) जोसेफ शुम्पीटर

Q.5

क्रय शक्ति समता सिद्धांत किसने दिया था?

(A) ओहलिन
(B) एडम स्मिथ
(C) गुस्ताव कैसल ✓
(D) हेरोल्ड

Q.6

प्रत्येक वचन तथा वचनों का प्रत्येक समूह जिसमें वचन एक दूसरे के प्रतिफल होते हैं, ... कहलाता है।

(A) अनुबंध
(B) प्रस्ताव
(C) ठहराव ✓
(D) स्वीकृति

Q.7

वर्ष 2020-21 के दौरान 20,000 ₹ के बीमा प्रीमियम का भुगतान किया (12,000 ₹ प्रतिवर्ष की दर से 30 सितम्बर 2021 तक के बीमा प्रीमियम को शामिल करते हुए)। 31 मार्च 2021 को की जाने वाली आवश्यक समायोजन प्रविष्टि बताइए –

(A) Prepaid Insurance Premium A/c Dr. 6,000
To Insurance Premium A/c 6,000 ✓

(B) Insurance premium A/c Dr. 20,000
To Bank A/c 20,000

(C) Insurance Premium A/c Dr. 6,000
To Prepaid Insurance Premium A/c 6,000

(D) Prepaid Insurance Premium A/c Dr. 12,000
To Insurance Premium A/c 12,000

Q.8

मांग पूर्वानुमान की किस विधि में समय को स्वतंत्र चर तथा मांग मात्रा को आश्रित चर मान कर मांग का पूर्वानुमान लगाया जाता है?

(A) उपनति प्रक्षेपण विधि ✓

(B) आधुनिक अर्थमितीय विधि

(C) रेखा चित्र विधि

(D) आर्थिक संकेतांक विधि

Q.9

तलपट सहायक हो सकता है –

(A) हिसाब संबंधी अशुद्धियों का पता लगाने के लिए

(B) खाता बही की गणितीय शुद्धता का पता लगाने के लिए ✓

(C) सिद्धांत संबंधी अशुद्धियों का पता लगाने के लिए

(D) पूरक अशुद्धियों का पता लगाने के लिए

Q.10

व्यावसायिक संगठन का प्राचीनतम स्वरूप कौन-सा है?

(A) एकल स्वामित्व ✓

(B) कंपनी

(C) संयुक्त हिन्दू परिवार व्यवसाय

(D) साझेदारी

Q.11

निम्न में से किस मापदण्ड के तहत आन्तरिक प्रत्याय दर (IRR) विधि में निर्णय लिये जाते हैं?

(A) जब आन्तरिक प्रत्याय दर (IRR) पूँजी लागत (Cost of Capital) के बराबर हो

(B) जब आन्तरिक प्रत्याय दर (IRR) पूँजी लागत (Cost of capital) से अधिक हो ✓

(C) जब आन्तरिक प्रत्याय दर (IRR) पूँजी लागत (Cost of Capital) से कम हो

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

Q.12

"रोकड़ तुल्य" में शामिल है -

(A) नगद-शेष

(B) एक वर्ष बाद शोधनीय अधिमान अंश

(C) असूचीबद्ध कम्पनी के अंश

(D) अति-अल्प अवधि की मुद्रा बाजार में जमाएं ✓

Q.13

प्रबन्ध लेखांकन मुख्यतः सम्बन्धित है -

(A) भविष्य के लिए प्रक्षेपण ✓
(B) लागत निर्धारण
(C) भूतकालीन व वर्तमान घटनाओं
(D) केवल परिमाणात्मक सूचनाओं

Q.14

क्रय निर्णय प्रक्रिया प्रारंभ होती है -

(A) आवश्यकता की पहचान से ✓
(B) विकल्पों का मूल्यांकन से
(C) सूचनाओं की खोज से
(D) उपरोक्त (2) और (3) से

Q.15

40,00,000 ₹ की एक योजना से 12.50% ह्रास अपलिखित करने किन्तु 50% की दर से आयकर घटाने से पूर्व वार्षिक लाभ 6,00,000 ₹ प्राप्त होते हैं। अदायगी अवधि ज्ञात कीजिए।

(A) 6.67 वर्ष
(B) 4 वर्ष
(C) 5 वर्ष ✓
(D) 2.86 वर्ष

Q.16

"नियंत्रण के विस्तार" का सिद्धांत किसने दिया है?

(A) एफ. डब्ल्यू. टेलर
(B) ग्रेकुनास ✓
(C) फिलिप्पो
(D) जार्ज आर. टैरी

Q.17

परिवर्तन प्रतिरोध को कैसे कम किया जा सकता है?

(A) कार्यभार में वृद्धि
(B) अधिक नियंत्रण
(C) आर्थिक हानि का भय
(D) प्रभावशाली नेतृत्व ✓

Q.18

भारत आर्थिक दृष्टि से, कौन सा राष्ट्र कहलाता है?

(A) विकसित राष्ट्र
(B) विकासशील राष्ट्र ✓
(C) अविकसित राष्ट्र
(D) उच्च विकसित राष्ट्र

Q.19

निम्नलिखित में से कौन सा संवर्द्धन मिश्रण का तत्त्व नहीं है?

(A) ब्रांडिंग ✓
(B) विज्ञापन
(C) विक्रय संवर्द्धन
(D) व्यक्तिगत विक्रय

Q.20

स्वीकृति की परिभाषा भारतीय अनुबंध अधिनियम, 1872 की किस धारा में दी गई है?

(A) धारा 2 (h)
(B) धारा 2 (e)
(C) धारा 2 (b) ✓
(D) धारा 2 (i)

Q.21

ऐसा उद्यमी जो किसी प्रकार का नवाचार नहीं अपनाना चाहता, कहलाता है -

(A) नवप्रवर्तक उद्यमी
(B) अनुकरणशील उद्यमी
(C) सावधान उद्यमी
(D) आलसी उद्यमी ✓

Q.22

..... प्रबंध का सार है।

(A) नियोजन
(B) निर्देशन
(C) समन्वय ✓
(D) संगठन

Q.23

मिश्रित लागत विधि, उत्पाद की अन्तिम लागत ज्ञात करने के लिए किस उत्पाद / सेवा हेतु उपयोगी है?

(A) मुद्रणालय
(B) होटल
(C) मोटर कार ✓
(D) सड़क निर्माण

Q.24

एक आदर्श शिक्षण अधिगम सामग्री होनी चाहिए –
(A) रुचिपूर्ण
(B) सूचनात्मक
(C) कठोर
(D) सटीक

(A) A, B और C
(B) A, B और D ✓
(C) B, C और D
(D) A, C और D

Q.25

1991 में नई आर्थिक नीति की शुरुआत के साथ सबसे जरूरी समस्या क्या थी?

(A) सार्वजनिक क्षेत्र का खराब प्रदर्शन
(B) उच्च कर दर
(C) विदेशी मुद्रा संकट ✓
(D) निजी क्षेत्र पर नियंत्रण

Q.26

"विनियोजन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह" में शामिल नहीं है -

(A) तीसरे पक्षकारों को भुगतान किये गये ऋण व अग्रिम
(B) वित्तीय संस्थाओं से लिये गये ऋण व अग्रिम ✓
(C) स्थायी सम्पत्तियाँ खरीदने हेतु भुगतान
(D) अमूर्त सम्पत्तियों के विक्रय से रोकड़ प्राप्तियां

Q.27

व्यवसाय, वाणिज्य, व्यापार तथा उद्योग में किसका क्षेत्र व्यापक है?

(A) व्यवसाय ✓
(B) उद्योग
(C) वाणिज्य
(D) व्यापार

Q.28

राष्ट्रीय आय में सम्मिलित है -

(A) लगान
(B) मजदूरी
(C) लाभ
(D) उपरोक्त सभी ✓

Q.29

"प्रबंध व्यक्तियों का विकास है न कि वस्तुओं का निर्देशन।" यह कथन किसके द्वारा दिया गया है?

(A) हेनरी फेयोल
(B) पीटर एफ. ड्रकर
(C) लॉरेंस ए. एपली ✓
(D) एफ. डब्ल्यू. टेलर

Q.30

सकल कार्यशील पूँजी प्रतिनिधित्व करती है -

(A) कुल सम्पत्ति
(B) कुल चालू सम्पत्ति ✓
(C) कुल चालू दायित्व
(D) चालू सम्पत्तियों का चालू दायित्वों पर आधिक्य

Q.31

भारत में कृषि के क्षेत्र में हुई क्रांति कौन सी थी?

(A) श्वेत क्रांति
(B) लाल क्रांति
(C) नीली क्रांति
(D) हरित क्रांति ✓

Q.32

निम्न में से कौन सा प्रतिमान शिक्षक को विषय - वस्तु की गहनता की ओर अग्रसर करता है?

(A) पूछताछ प्रतिमान ✓
(B) निष्पत्ति प्रत्यय प्रतिमान
(C) अग्रिम – व्यवस्था प्रतिमान
(D) अन्तःक्रिया विश्लेषण प्रतिमान

Q.33

निम्नलिखित में से कौन असंगठित पूंजी बाज़ार में शामिल नहीं है?

(A) साहूकार
(B) देशी बैंकर
(C) ऋणपत्र धारक ✓
(D) सर्राफ

Q.34

वस्तुओं, सेवाओं, पूंजी और श्रम बलों के अप्रतिबंधित सीमा पार आवाजाही की तरफ दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं के घुमाव को हम क्या कहते हैं?

(A) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार
(B) उदारीकृत अर्थव्यवस्था
(C) वैश्वीकरण ✓
(D) उपरोक्त सभी

Q.35

वह विधि जिसमें कंप्यूटर छात्रों के साथ - साथ छात्रों के प्रदर्शन का आकलन करता है, साथ ही कंप्यूटर को निर्देश दे सकता है -

(A) ड्रिल
(B) शिक्षकीय कार्यक्रम ✓
(C) अनुरूपक
(D) सहयोगात्मक अधिगम

Q.36

एक संयुक्त पूंजी कंपनी के निदेशक मंडल को चुनते हैं -

(A) सामान्य जनता
(B) कर्मचारी
(C) अंशधारी ✓
(D) सरकारी निकाय

Q.37

200 ₹ की उधार विक्रय के लिए विक्रय खाते एवं विविध देनदार खाते को भी क्रेडिट कर दिया गया। निम्न में से कौनसी सही सुधारात्मक प्रविष्टि होगी?

(A) Sales A/c Dr 400
To Suspense A/c 400

(B) Sundry Debtors A/c Dr 400 ✓
To Suspense A/c 400

(C) Suspense A/c Dr 400
To Sundry Debtors 400

(D) Sundry Debtors A/c Dr 400
To Sales A/c 400

Q.38

निम्नांकित में से कौन सी संस्था अंकेक्षण पर मानक (SAs) बनाने के लिए अधिकृत है?

(A) भारत का लागत लेखापाल संस्थान

(B) भारत का सनद (चार्टर्ड) लेखापाल संस्थान ✓

(C) भारत का कम्पनी सचिव संस्थान

(D) भारत का सनद (चार्टर्ड) वित्तीय विश्लेषक संस्थान

Q.39

निम्नांकित में से कौन से प्रत्यक्ष व्यय कहलाते हैं?

(A) विशेष साँचों की लागत

(B) एक विशेष लागत इकाई के एकस्व व अधिकार शुल्क

(C) दोषपूर्ण उत्पाद के सुधार की लागत

(D) ये सभी ✓

Q.40

आईसीटी का मतलब है –

(A) इनफॉर्मेशन क्लासरूम टीचिंग

(B) इनफॉर्मेशन कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी ✓

(C) इन्फॉर्मेटिव कंप्यूटर टीचिंग

(D) इंड्यूस्ड कंप्यूटर टेक्नोलॉजी

Q.41

जिला आयोग का वित्तीय क्षेत्राधिकार क्या है?

(A) 1 करोड़ तक

(B) 10 करोड़ तक ✓

(C) 5 करोड़ तक

(D) 10 लाख तक

Q.42

11 माह की खुशी वस्तुओं को पहचानने, पकड़ने व अपने मुंह में डाल कर उनकी पहचान व अध्ययन करती है। जीन पियाजे के अनुसार, यह अवस्था है -

(A) औपचारिक संक्रिया की अवस्था

(B) प्राक्संक्रियात्मक अवस्था

(C) संवेदी - पेशीय अवस्था ✓

(D) ठोस संक्रिया अवस्था

Q.43

हीनार्थ प्रबन्ध का प्रभाव होता है -

(A) मुद्रा प्रसार ✓
(B) मुद्रा संकुचन
(C) मुद्रा संस्फीति
(D) निस्पंद स्फीति

Q.44

आत्मनिर्भर भारत अभियान निम्नलिखित में से किस महीने/वर्ष में शुरू किया गया था?

(A) मई 2020 ✓
(B) जून 2020
(C) जुलाई 2020
(D) अगस्त 2020

Q.45

बाह्य विज्ञापन में क्या शामिल नहीं है?

(A) दीवार लेखन
(B) पोस्टर तथा होर्डिंग्स
(C) सैण्डविच मैन विज्ञापन
(D) सुसज्जा विज्ञापन ✓

Q.46

इनमें से 'स्वॉट विश्लेषण' का कौन सा एक घटक नहीं है?

(A) संकट
(B) शक्तियां
(C) कमजोरियां
(D) विकल्प ✓

Q.47

किसके द्वारा जिगसॉ शिक्षण पद्धति को विकसित किया गया?

(A) जॉनसन - डेविड और रोजर
(B) शरन और शरन
(C) इलियट आरनसन ✓
(D) स्लाविन

Q.48

प्रकृति के आधार पर उद्यमी का एक प्रकार –

(A) सावधान उद्यमी ✓
(B) संयुक्त क्षेत्र उद्यमी
(C) व्यापारिक उद्यमी
(D) सहकारी उद्यमी

Q.49

बकाया मांग पर ब्याज चार्ज किया जा सकता है -

(A) 10% वार्षिक दर से या संचालक मण्डल द्वारा निर्धारित दर जो कम हो ✓

(B) केवल सारणी एफ द्वारा निर्धारित दर से

(C) केवल संचालक मण्डल द्वारा निर्धारित दर से

(D) कोई ब्याज नहीं वसूला जाता

Q.50

राष्ट्रीय आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है?

(A) राष्ट्रपति द्वारा

(B) राज्य सरकार द्वारा

(C) उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा

(D) केन्द्रीय सरकार द्वारा ✓

Q.51

"किसी दी हुई कीमत पर किसी वस्तु की मांग उसकी वह मात्रा है, जो उस कीमत पर किसी समय विशेष पर खरीदी जायेगी।"
मांग की उपरोक्त परिभाषा दी गई थी -

(A) बेनहम ✓

(B) मिल

(C) पेन्सन

(D) बाँबर

Q.52

निम्न में से सही कथन चुनिए -

कथन-1 सभी अनुबंध ठहराव होते हैं लेकिन सभी ठहराव अनुबंध नहीं होते हैं।
कथन-2 सभी ठहराव अनुबंध होते हैं लेकिन सभी अनुबंध ठहराव नहीं होते हैं।

(A) केवल कथन 1 सही है ✓

(B) केवल कथन 2 सही है

(C) दोनों ही कथन सही हैं

(D) कथन 1 गलत है

Q.53

निम्नलिखित में से किस वर्ष, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी?

(A) 2020 ✓

(B) 2021

(C) 2022

(D) 2019

Q.54

संयोगिक अनुबंध होता है –

(A) अवैध

(B) व्यर्थनीय

(C) वैध ✓

(D) व्यर्थ

Q.55

जमा की चिट्ठी व नाम की चिट्ठी है -

(A) स्त्रोत प्रमाण-प्रलेख ✓
(B) सहायक प्रमाण-प्रलेख
(C) द्वितीयक प्रमाण-प्रलेख
(D) प्रमाणक

Q.56

एक बास्केट में 5 काली व 3 सफेद बॉल हैं। दो बॉल एक - एक करके वापस रखते हुए इसमें से निकाली गई, तो यह घटना उदाहरण है -

(A) अनाश्रित घटना ✓
(B) मिश्रित घटना
(C) आश्रित घटना
(D) परस्पर अपवर्जी घटना

Q.57

अन्तिम समायोजन तक आस्थगित आयगत व्यय ..... में दिखाया जाता है।

(A) व्यापार खाता
(B) निर्माणी खाता
(C) लाभ - हानि खाता
(D) लाभ - हानि खाता एवं चिट्ठा ✓

Q.58

मनरेगा है -

(A) आवासीय विकास कार्यक्रम
(B) कृषि विकास कार्यक्रम
(C) रोजगार गारंटी कार्यक्रम ✓
(D) औद्योगिक विकास कार्यक्रम

Q.59

कौन सा विवरण पत्र "100 प्रतिशत" विवरण पत्र कहलाता है?

(A) चिट्ठा
(B) समानाकार चिट्ठा ✓
(C) तुलनात्मक चिट्ठा
(D) तुलनात्मक लाभ-हानि खाता

Q.60

परिचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह की गणना करने के लिये निम्न में से किस मद को घटाया जाएगा?

(A) स्कन्ध में वृद्धि ✓
(B) स्कन्ध में कमी
(C) व्यापारिक देयता में वृद्धि
(D) अर्जित आय में कमी

Q.61

निम्नलिखित में से कौनसा घटक उपभोक्ता व्यवहार को प्रभावित करने वाला आर्थिक घटक में शामिल नहीं है?

(A) व्यक्तिगत आय
(B) व्यक्तित्व ✓
(C) तरल सम्पत्ति
(D) पारिवारिक आय

Q.62

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (पी.एम.ए.वाई.जी.) को निम्न में से किस वर्ष प्रारंभ किया गया था?

(A) 2015
(B) 2016 ✓
(C) 2017
(D) 2018

Q.63

शैक्षिक मनोविज्ञान के प्रमुख क्षेत्र में सम्मिलित हैं -
(A) समाज
(B) अधिगम करने वाला
(C) अधिगम की प्रक्रिया
(D) अधिगम की स्थिति

(A) A, B और C
(B) A, B और D
(C) B, C और D ✓
(D) A, C और D

Q.64

जिस दर से भारतीय रिज़र्व बैंक वाणिज्यिक बैंकों को धन उधार देता है, उसे ____ कहते हैं।

(A) सी. आर. आर.
(B) रिवर्स रेपो रेट
(C) एस. एल. आर.
(D) रेपो रेट ✓

Q.65

एक परियोजना से रोकड़ अन्तर्वाह का वर्तमान मूल्य 30000 ₹ है एवं प्रारम्भिक विनियोग 18000 ₹ है। लाभदायकता सूचकांक ज्ञात कीजिये।

(A) 1.67 ✓
(B) 2.46
(C) 3.20
(D) 1.25

Q.66

स्व-जागरूकता, स्व-नियमन, प्रेरणा, परानुभूति और सामाजिक कौशल ... बुद्धि के बुद्धि के मूल घटक हैं।

(A) स्थूल बुद्धि
(B) तरल बुद्धि
(C) अमर्त बद्धि
(D) सांवेगिक बुद्धि ✓

Q.67

आर्थिक वृद्धि का सामाजिक तत्व कौन सा है?

(A) जाति व्यवस्था ✓
(B) मुद्रा प्रसार
(C) लागत
(D) कीमत

Q.68

प्रत्येक व्यक्ति की एक 'आत्म - छवि' होती है। इसमें सम्मिलित नहीं है -

(A) अपेक्षित आत्म - धारणा
(B) आदर्श आत्म - धारणा
(C) वास्तविक आत्म - धारणा
(D) एकाएक आत्म - धारणा ✓

Q.69

भारत में संगठित पूंजी बाज़ार को कौन नियंत्रित करता है?

(A) रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया
(B) सेबी ✓
(C) रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया और सेबी दोनों
(D) केन्द्रीय सरकार

Q.70

सही युग्म को पहचानिए –

(A) सार्वजनिक कंपनी – न्यूनतम 5 सदस्य
(B) निजी कंपनी – न्यूनतम 2 सदस्य ✓
(C) साझेदारी – न्यूनतम 8 सदस्य
(D) सहकारी समिति – न्यूनतम 20 सदस्य

Q.71

यदि तीन स्वतंत्र घटनाएं एक साथ घटती हैं $[P_{(A\&B\&C)}]$, तो प्रायिकता होगी?

(A) $P_{(A)} \times P_{(B)} \times P_{(C)}$ ✓
(B) $P_{(A)} + P_{(B)} + P_{(C)}$
(C) $P_{(A)} - P_{(B)} - P_{(C)}$
(D) $P_{(A \cap B \cap C)}$

Q.72

विचरण गुणांक निम्नलिखित में से किसका प्रतिशत अभिव्यक्ति/व्यंजक है?

(A) माध्य विचलन
(B) मानक विचलन/प्रमाप विचलन ✓
(C) चतुर्थक विचलन
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

Q.73

जिस दर पर रिजर्व बैंक, व्यापारिक बैंकों को प्रथम श्रेणी की प्रतिभूतियों के आधार पर ऋण देने के लिए तैयार रहता है क्या कहलाती है-

(A) बैंक दर (Bank Rate) ✓
(B) नकद कोष अनुपात (CRR)
(C) वैधानिक तरलता अनुपात (SLR)
(D) रेपो दर (Repo Rate)

Q.74

निम्नलिखित में से कौन सा उद्यमी का एक कार्य नहीं है?

(A) अवसरों की खोज करना
(B) नवाचार करना
(C) परिवर्तनों को नहीं अपनाना ✓
(D) जोखिम उठाना

Q.75

आय विधि से सम्बन्धित है -

(A) राष्ट्रीय आय ✓
(B) कर
(C) माल
(D) बैंक

Q.76

..... विकास के तीन चरण पूर्व - पारंपरिक, पारंपरिक और उत्तर - पारंपरिक हैं, जो अनैतिक और नैतिक के बीच अंतर करते हैं और नैतिक को चुनते हैं।

(A) सामाजिक
(B) संज्ञानात्मक
(C) शारीरिक
(D) नैतिक ✓

Q.77

एक कम्पनी का ऋण-समता अनुपात (Debt-Equity Ratio) $2:1$ है, कम्पनी बोनस अंशों का निर्गमन करने जा रही है। बोनस अंशों के निर्गमन के पश्चात्, कम्पनी के ऋण-समता अनुपात में -

(A) वृद्धि होगी
(B) कमी होगी
(C) अपर्याप्त सूचना
(D) कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा ✓

Q.78

स्वेट इक्विटी अंश एक कंपनी द्वारा जारी किए जाते हैं –

(A) केवल उसके संचालकों को
(B) केवल उसके कर्मचारियों को
(C) उसके संचालकों तथा /या कर्मचारियों को ✓
(D) केवल उसके अंशधारियों को

Q.79

भारत में छिपी हुई बेरोजगारी किस क्षेत्र में पाई जाती है?

(A) कृषि क्षेत्र ✓
(B) औद्योगिक क्षेत्र
(C) बैंकिंग क्षेत्र
(D) सेवा क्षेत्र

Q.80

प्रयास और त्रुटि अधिगम किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया?

(A) स्किनर
(B) थार्नडाइक ✓
(C) पावलोव
(D) कुंट

Q.81

'ए' व 'बी' 3:2 के अनुपात में लाभ बांटते हुए साझेदार हैं, उन्होंने 'सी' को प्रवेश दिया। 'ए' ने अपने हिस्से का 1/5 उसे समर्पित किया, 'बी' ने अपने हिस्से का 2/5 'सी' को समर्पित किया। त्याग अनुपात क्या होगा?

(A) 2:1
(B) 1:2
(C) 3:4 ✓
(D) 3:2

Q.82

प्रत्यक्ष सामग्री में शामिल नहीं है –

(A) प्राथमिक पैकिंग सामग्री
(B) विशिष्ट उत्पाद के लिए विशिष्ट सामग्री
(C) नाममात्र मूल्य की सामग्री ✓
(D) मूल कच्ची सामग्री

Q.83

जब किसी विशिष्ट तकनीक का उत्पादन कार्यों में प्रवेश होने पर लोग बेरोजगार हो जाते हैं। इसे कौनसी बेरोजगारी कहते हैं?

(A) संरचनात्मक बेरोजगारी
(B) प्रच्छन्न बेरोजगारी
(C) चक्रीय बेरोजगारी
(D) प्रौद्योगिकीय बेरोजगारी ✓

Q.84

निम्नांकित में से कौन सा अप्रत्यक्ष विक्रय व्यय का एक उदाहरण है?

(A) विक्रय प्रबन्धक का वेतन
(B) सूची पत्र व मूल्य सूचियाँ ✓
(C) जावक गाड़ी भाड़ा
(D) उत्पाद की पैकिंग में प्रयुक्त सामग्री

Q.85

निम्नांकित में से कौन सा डूबत लागत का एक उदाहरण है?

(A) पूँजी पर ब्याज

(B) उत्पादन लागत प्रत्यक्ष सामग्री लागत को शामिल नहीं करते हुए

(C) मशीन को संस्थापित करने पर व्यय ✓

(D) भवन, प्लान्ट व मशीनरी की लागत

Q.86

गुप्त संचय नहीं बनाया जा सकता है -

(A) स्टॉक का मूल्यांकन कम करके

(B) प्राप्त किराया भवन खाते में जमा करके

(C) सम्पत्ति में वृद्धि के खर्च की गई राशि लाभ-हानि खाते में चार्ज करके

(D) सम्पत्ति के पुर्नस्थापन के लिए पुस्तकों में पृथक राशि रखना ✓

Q.87

एक सहकारी समिति के पंजीकरण के लिए न्यूनतम कितने सदस्यों की आवश्यकता है?

(A) दो

(B) दस ✓

(C) बीस

(D) सात

Q.88

मानसिक स्वास्थ्य के संकेतकों में शामिल हैं -
(A) संवेगात्मक संतुलन
(B) हास्य की भावना
(C) आंतरिक अभिप्रेरणा
(D) बाह्य अभिप्रेरणा

(A) A, B और C ✓

(B) A, B और D

(C) A, C और D

(D) B, C और D

Q.89

निम्नलिखित में से एकल स्वामित्व की विशेषता नहीं है?

(A) शीघ्र निर्णय

(B) सीमित दायित्व

(C) स्वतंत्र अस्तित्व

(D) दोनों (2) और (3) ✓

Q.90

भारत की राष्ट्रीय आय का आकलन करने वाली एजेन्सी कौन सी है?

(A) भारतीय रिज़र्व बैंक

(B) योजना आयोग

(C) वित्त मंत्रालय

(D) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन ✓

Q.91

विपणन अनुसंधान की विधियाँ और तकनीक हैं -

(A) सर्वेक्षण
(B) अवलोकन
(C) गहन साक्षात्कार
(D) उपरोक्त सभी ✓

Q.92

व्यक्तियों की भावनाओं, प्रवृत्तियों एवं इच्छाओं पर आधारित जिन परिवर्तनों का प्रतिरोध होता है, वे ..... कहलाते हैं।

(A) आर्थिक कारण
(B) तकनीकी कारण
(C) मनोवैज्ञानिक कारण ✓
(D) सामाजिक कारण

Q.93

एक फर्म में ए, बी व सी तीन साझेदार हैं। ए $3000₹$ प्रतिमाह के प्रारंभ में आहरण करता है, वर्ष के अंत में ए से आहरण पर चार्ज किया जाने वाला ब्याज कितना होगा? यदि 12% वार्षिक ब्याज दर हो -

(A) $2160₹$
(B) $360₹$
(C) $1980₹$
(D) $2340₹$ ✓

Q.94

निम्नलिखित में से कौन सी नाममात्र के साझेदार की विशेषता है?

(A) पूंजी लगाता है
(B) प्रबंध में भाग लेता है
(C) सामान्यतया लाभ/हानि में भागीदार होता है
(D) असीमित दायित्व होता है ✓

Q.95

भारत एक विकासशील अर्थव्यवस्था के रूप में किस लक्षण से पहचाना जाता है?

(A) पंचवर्षीय योजनाओं के कारण
(B) प्रतिव्यक्ति खाद्यान्नों का उपभोग बढ़ रहा है
(C) देश का आर्थिक पिछड़ापन कम हो रहा है
(D) प्रतिव्यक्ति वास्तविक आय बढ़ रही है ✓

Q.96

अधिगम की ज्ञानरचनावाद अवधारणा को सर्वप्रथम ने बताया।

(A) डीवी और पियाजे ✓
(B) ग्रीन और ग्रेडलर
(C) पियाजे और ग्रेडलर
(D) डीवी और ग्रीन

Q.97

"किसी आवृत्ति वितरण की स्थिति या रूख के माप माध्य कहलाते हैं।" यह परिभाषा किसने दी है?

(A) क्रॉक्सटन एवं काउडेन ✓
(B) सिम्पसन एवं काफका
(C) यूल एवं केण्डल
(D) ए. ई. वाह

Q.98

निम्न में कौन सा बैंक 1982 में स्थापित हुआ जो निर्यात प्रोत्साहन व आयातों के लिये ऋण देता है?

(A) विश्व बैंक
(B) मर्चेन्ट बैंक
(C) एशियन विकास बैंक
(D) एक्ज़िम बैंक ✓

Q.99

अधिकतम सामाजिक लाभ के सिद्धान्त के प्रतिपादक थे –

(A) डाल्टन ✓
(B) जे. बी. से
(C) चैपमैन
(D) फिण्डले शिरास

Q.100

रिक्त स्थानों की पूर्ति करें -

आय (Revenue)	2020-21 ₹	2021-22 ₹	Absolute changes (शुद्ध अंतर) ₹	Percentage changes (प्रतिशत अंतर) %
Revenue	?	16,00,000	?	(20)

(A) ₹ 22,00,000 ; ₹ (6,00,00)
(B) ₹ (4,00,000) ; ₹ 20,00,000
(C) ₹ 20,00,000 ; ₹ (4,00,000) ✓
(D) ₹ 14,00,000 ; ₹ (2,00,000)

Q.101

मूल्यह्रास की किस विधि में, सम्पत्ति शून्य तक अपलिखित नहीं हो सकती है?

(A) घटती हुई शेष पद्धति ✓
(B) समान किश्त विधि
(C) वार्षिकी विधि
(D) पुनर्मूल्यांकन विधि

Q.102

'क्रेता प्रेरणाएं' अपना स्थान रखती है -

(A) आवश्यकताओं और कार्यवाही के मध्य ✓
(B) इच्छाओं और कार्यवाही के मध्य
(C) उत्साह और कार्यवाही के मध्य
(D) रुचि और कार्यवाही के मध्य

Q.103

पंचवर्षीय योजना की संकल्पना भारतीय संविधान में किस देश से आयात की गई थी?

(A) रूस ✓
(B) इंग्लैण्ड
(C) संयुक्त राज्य अमेरिका
(D) जर्मनी

Q.104

एक लीप वर्ष में 53 शुक्रवार या शनिवार होने की प्रायिकता ज्ञात करें।

(A) $1/7$
(B) $2/7$
(C) $3/7$ ✓
(D) $4/7$

Q.105

जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद् का अध्यक्ष होता है -

(A) जिला न्यायाधीश
(B) आयुक्त
(C) जिला कलेक्टर ✓
(D) उच्च न्यायालय के न्यायाधीश

Q.106

एक कक्षा के छात्रों के बुद्धि का औसत स्तर पता लगाने के लिए कौन-से माध्य का प्रयोग किया जाता है?

(A) माध्य (Mean)
(B) बहुलक (Mode)
(C) मध्यका (Median) ✓
(D) गुणोत्तर माध्य

Q.107

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना कब हुई थी?

(A) 1 अप्रैल 1930
(B) 1 अप्रैल 1935 ✓
(C) 1 अप्रैल 1937
(D) 1 अप्रैल 1938

Q.108

निम्न में से कौन सा उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का दूसरा नाम है?

(A) संवेदनशील सूचकांक
(B) समग्र सूचकांक
(C) जीवन निर्वाह व्यय सूचकांक ✓
(D) थोक मूल्य सूचकांक

Q.109

नियंत्रण प्रक्रिया का प्रथम चरण है -

(A) कार्यों का मूल्यांकन करना
(B) सुधारात्मक कार्य
(C) लक्ष्यों एवं प्रमाणों का निर्धारण ✓
(D) विचलन के कारणों को ज्ञात करना

Q.110

परिचालन चक्र अवधि के बराबर है -

(A) सामग्री संग्रहण अवधि
(B) रूपान्तरण अवधि
(C) रूपान्तरण अवधि + देनदार संग्रहण अवधि - लेनदार भुगतान अवधि
(D) सामग्री संग्रहण अवधि + रूपान्तरण अवधि + निर्मित माल संग्रहण अवधि + देनदार संग्रहण अवधि - लेनदार भुगतान अवधि ✓

Q.111

वस्तुओं और सेवाओं की विपणन संबंधी समस्याओं के बारे में समंकों का एकत्रीकरण, संग्रहण एवं विश्लेषण ..... कहलाता है।

(A) उत्पाद अनुसंधान
(B) विपणन अनुसंधान ✓
(C) विपणन डेटाबेस
(D) विपणन वातावरण

Q.112

निम्नांकित में से कौन सा अंकेक्षण उद्देश्य नहीं है?

(A) सही व उचित वित्तीय स्थिति का पता लगाना
(B) अशुद्धियों का पता लगाना
(C) कपट का पता लगाना
(D) संचालक व अंशधारियों के लिए परामर्शदाता के रूप में कार्य करना ✓

Q.113

निम्नांकित में से कौन सा क्षयी सम्पत्ति का उदाहरण नहीं है?

(A) तेल के कुएं
(B) स्वर्ण खानें
(C) पांच वर्षों के लिए प्रतिलिप्याधिकार
(D) भूमि ✓

Q.114

क्रियात्मक संगठन के जन्म का श्रेय दिया जाता है -

(A) एलेन
(B) एफ.डब्ल्यू. टेलर ✓
(C) हेनरी फेयोल
(D) पीटर एफ. ड्रकर

Q.115

निम्न में से कौन सा विज्ञापन का उद्देश्य नहीं है?

(A) विक्रय वृद्धि करना
(B) नई वस्तुओं को प्रस्तुत करना
(C) बाजार मांग में कमी करना ✓
(D) नये बाजारों का विकास

Q.116

निम्नांकित में से कौनसी कार्यशील पूँजी आवश्यकताओं के अनुमान लगाने की विधि नहीं है?

(A) शुद्ध चालू सम्पत्ति पूर्वानुमान विधि
(B) प्रक्षेपी चिट्ठा विधि
(C) स्टाकेस्टिक अथवा मिलर-ओर प्रतिमान ✓
(D) परिचालन चक्र विधि

Q.117

शिक्षण प्रतिमान का कौन सा तत्व शिक्षण के उद्देश्यों से संबंधित है?

(A) केंद्रीय बिंदु ✓
(B) वाक्य रचना
(C) सामाजिक प्रणाली
(D) सहायक प्रणाली

Q.118

रोकड़ विवरण है -

(A) भावी वित्तीय पूर्वानुमान की तकनीक
(B) अस्थायी रोकड़ आवश्यकताओं का अनुमान लगाने से सम्बन्धित
(C) भूतकालीन विश्लेषण की तकनीक ✓
(D) वित्तीय पैटर्न बताने से सम्बन्धित

Q.119

किस प्रकार के विकास में आनुवंशिकता का अपेक्षाकृत अधिक प्रभाव होता है?

(A) सामाजिक
(B) संज्ञानात्मक
(C) शारीरिक ✓
(D) नैतिक

Q.120

राष्ट्रपति ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 को स्वीकृति कब प्रदान की?

(A) 9 अगस्त, 2019 ✓
(B) 9 अक्टूबर, 2019
(C) 7 सितम्बर, 2019
(D) 7 नवम्बर, 2019

Q.121

लेफ्ट विंग एक्सट्रीमिज्म क्षेत्रों के लिए ग्रामीण संपर्क परियोजना (RCPLWEA) निम्न में से किस वर्ष प्रारंभ की गई?

(A) 2016 ✓
(B) 2018
(C) 2014
(D) 2015

Q.122

ज्ञात दायित्व की पूर्ति के लिये पृथक से रखी गई राशि कहलाती है -

(A) सामान्य संचय
(B) आगम संचय
(C) आयोजन ✓
(D) गुप्त संचय

Q.123

"बेरोजगारी उन व्यक्तियों की निष्क्रियता से परिभाषित की गई है, जो कार्य करने के योग्य एवं इच्छुक हैं।" उपरोक्त परिभाषा किसने दी है?

(A) डी मेलो
(B) कीन्स
(C) पी. सार्जेन्ट फ्लोरेन्स ✓
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

Q.124

वचनबद्ध स्थिर लागतों में शामिल नहीं है -

(A) विवेकाधीन स्थिर लागत ✓
(B) डूबत लागतें
(C) बचाव योग्य नहीं लागतें
(D) मूल्य-ह्रास

Q.125

एच.डी.आई. का पूरा नाम है -

(A) मानव विकास संस्थान
(B) मानव विकास ब्याज
(C) मानव विकास भारत
(D) मानव विकास सूचकांक ✓

Q.126

.....विकास धारणा, कल्पना, तर्क और समस्या समाधान से सम्बन्धित है।

(A) सामाजिक
(B) सांवेगिक
(C) संज्ञानात्मक ✓
(D) भौतिक

Q.127

खुदरा रोकड़ बही में अग्रदाय भुगतान पद्धति –

(A) खुदरा भुगतानों में सहायक

(B) ऐसे कम मूल्य के भुगतानों के लिए जो सामान्यतया बार-बार होने की प्रकृति के हों

(C) (1) व (2) दोनों ✓

(D) प्रबंधकों के लिए सहायक

Q.128

SEBI की स्थापना कब हुई?

(A) 1990

(B) 1988 ✓

(C) 1989

(D) 1982

Q.129

टेलर के द्वारा दिया गया प्रबंध का एक सिद्धांत है -

(A) आदेश की एकता

(B) सहयोग, ना कि टकराव ✓

(C) व्यवस्था

(D) समता

Q.130

एक कंपनी अपने 5000 अधिमान अंश 100₹ अंकित मूल्य वाले शोधन करना चाहती है इसके लिए 20,000 साधारण अंश 10₹ वाले 2₹ प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमित कर तथा शेष राशि उपलब्ध मुक्त संचयों से शोधन करना चाहती है, तो "पूँजी शोधन संचय" कितनी राशि हस्तान्तरित की जाएगी?

(A) शून्य

(B) $3,00,000₹$ ✓

(C) $5,00,000₹$

(D) $2,60,000₹$

Q.131

निम्नलिखित में से कौन सा संगठन विश्व व्यापार संगठन का पूर्ववर्ती था?

(A) टैरिफ और व्यापार पर सामान्य समझौता ✓

(B) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

(C) पुनर्निर्माण और विकास के लिए अन्तर्राष्ट्रीय बैंक

(D) अन्तर्राष्ट्रीय वित्त निगम

Q.132

एक फर्म के औसत लाभ 98,000₹ हैं। इस फर्म की कुल सम्पत्तियाँ 10,00,000 ₹ की है। अन्य दायित्वों का मूल्य 5,00,000 ₹ है। समान प्रकार के व्यवसाय में सामान्य प्रत्याय की दर 14% है। औसत लाभों के पूँजीकरण विधि द्वारा ख्याति के मूल्य की गणना करें -

(A) 7,00,000 ₹

(B) 9,80,000 ₹

(C) 2,00,000 ₹ ✓

(D) 3,00,000 ₹

Q.133

'ए' और 'बी' एक फर्म में साझेदार हैं उनकी पूँजी $10,000$ ₹ एवं $20,000$ ₹ तथा अवितरित संचय $10,000$ ₹ है। उन्होंने 'सी' को $1/4$ हिस्से के लिए प्रवेश दिया। 'सी' $20,000$ ₹ अपनी पूँजी के रूप में लाया। फर्म की ख्याति का मूल्य ज्ञात करो -

(A) $80,000$ ₹
(B) $20,000$ ₹ ✓
(C) $40,000$ ₹
(D) $60,000$ ₹

Q.134

सोशल ऑडिट असेसमेंट इंडेक्स रिपोर्ट 2020 के अनुसार, सोशल ऑडिट निम्नलिखित में से किस योजना पर लागू होता है?

(A) एम.जी.एन.आर.ई.जी.एस. (MGNREGS)
(B) पी.एम.ए.वाई.जी. (PMAY-G)
(C) एन.एस.पी.पी. (NSAP)
(D) उपरोक्त सभी ✓

Q.135

स्कूली छात्रों को विशेषज्ञ द्वारा दिया गया व्याख्यान कहलाता है –

(A) अन्तः वैयक्तिक सम्प्रेषण
(B) अंतर्वैयक्तिक सम्प्रेषण
(C) लोक सम्प्रेषण ✓
(D) अवाचिक सम्प्रेषण

Q.136

कर्मचारी आवर्त्तन की दर अधिक होने पर क्या होगा?

(A) उत्पादन बढ़ेगा
(B) लागत घटेगी
(C) प्रशिक्षण व्ययों में कमी
(D) कर्मचारी मनोबल में गिरावट ✓

Q.137

निम्न में से कौन सा सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है?

(A) यू.टी.आई.
(B) आई.सी.आई.सी.आई.
(C) एस.बी.आई. ✓
(D) एक्सिस

Q.138

एडम स्मिथ ने करारोपण के कितने सिद्धान्त दिए हैं?

(A) 6
(B) 5
(C) 4 ✓
(D) 3

Q.139

रग्नार नर्कसे ने कौन से दुश्चक्र का वर्णन किया था?

(A) गरीबी का दुश्चक्र ✓
(B) जनसंख्या का दुश्चक्र
(C) बेरोजगारी का दुश्चक्र
(D) अशिक्षा का दुश्चक्र

Q.140

"लागतों में तुलनात्मक अन्तर को अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का आधार" किसने बताया है?

(A) रिकार्डो ✓
(B) जे.एस. मिल
(C) तौसिग
(D) हैबरलर

Q.141

भौतिक वितरण में कौनसा कार्य सम्मिलित नहीं है?

(A) भंडारण
(B) परिवहन
(C) इन्वेन्टरी प्रबंध
(D) बाज़ार अनुसंधान ✓

Q.142

आर्थिक पर्यावरण को प्रभावित करने वाला घटक है -

(A) प्राकृतिक संसाधन
(B) मानव संसाधन
(C) सामाजिक संस्थान
(D) उपरोक्त सभी ✓

Q.143

सीखने का कौन सा नियम बताता है, कि यदि उद्दीपक और प्रतिक्रिया के बीच संबंध सन्तुष्टि के साथ होता है, तो सम्बन्ध की ताकत बढ़ जाती है?

(A) तत्परता का नियम
(B) अभ्यास का नियम
(C) अनुपयोग का नियम
(D) प्रभाव का नियम ✓

Q.144

आर्थिक विकास मापा जा सकता है -

(A) वास्तविक राष्ट्रीय उत्पाद से ✓
(B) मृत्यु दर से
(C) जनसंख्या दर से
(D) शिक्षा के स्तर से

Q.145

क्षैतिज विश्लेषण एक ..... है।

(A) काल श्रेणी विश्लेषण ✓
(B) स्थैतिक विश्लेषण
(C) एक अवधि के वितरण की तुलना
(D) अन्तःफर्म तुलना

Q.146

प्रणाली उपागम में सम्मिलित हैं –

(A) इनपुट, प्रक्रिया, आउटपुट और प्रतिपुष्टि ✓
(B) प्रक्रिया, मानदंड, इनपुट और प्रतिपुष्टि
(C) मानदंड, इनपुट, आउटपुट और प्रतिपुष्टि
(D) प्रक्रिया, इनपुट, आउटपुट और मानदंड

Q.147

साझेदारी फर्म के बीच समझौते को कहा जाता है –

(A) साझेदारी अनुबंध
(B) साझेदारी अधिनियम
(C) साझेदारी संलेख ✓
(D) समझौता

Q.148

अवांछित और समस्या व्यवहार का प्रभावी रूप से परिमार्जन, ... के सिद्धांत का उपयोग करके किया जा सकता है।

(A) प्राचीन अनुबंधन
(B) क्रियाप्रसूत अनुबंधन ✓
(C) प्रयत्न और त्रुटि अधिगम
(D) बहुविमीय बुद्धिमत्ता

Q.149


भारत में निम्न में से कौन राजकोषीय नीति निर्धारण करता है-

(A) नीति आयोग
(B) वित्त आयोग
(C) वित्त मंत्रालय ✓
(D) भारतीय रिजर्व बैंक

Q.150

एक बैंकिंग कं. अपने 5000, 10% वाले ऋण पत्र प्रत्येक 1000₹ अंकित मूल्य के उपलब्ध पर्याप्त विभाजन योग्य लाभों से शोधन करना चाहती है। इस परिस्थिति में कितनी राशि ऋण पत्र शोधन संचय खाते में धारा 71 (4) की आवश्यकता अनुरूप हस्तान्तरित की जाएगी?

(A) 50,00,000 ₹
(B) 7,50,000 ₹
(C) 12,50,000 ₹
(D) शून्य ✓



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in